

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "पीएम आवास ने जीवन में जगाई नई आस"





श्रीमती पूर्णिमा देवी, पति श्री रामदेव पंडित नगर परिषद, मिहिजाम के वार्ड नंबर-20 के हांसीपहाड़ी में पिछले 30 वर्षों से निवास करती आ रही हैं। इनके पति श्री रामदेव पंडित पिछले 25 वर्षों से मिट्टी का बर्तन बेचने का काम कर रहे हैं और उसी से अपने परिवार का जीवन-यापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ मिलने के पूर्व इनके पास खुद का अपना कच्चा मकान था, जिसमें परिवार के सभी 6 सदस्यों को एक साथ रहने में काफी परेशानी होती थी। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी, जिसके कारण वे अपने लिए पक्का मकान बनाने की सोच भी नहीं सकती थीं। इनका इसी तरह कठिनाई से जीवन चल रहा था। इस बीच उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास हेतु आवेदन किया और अंतत: उनका इस योजना के लाभुक के रूप में चयन भी हो गया। उन्होंने छह माह में अपने नए मकान का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया। अब वे पूरे परिवार के साथ खुशी-खुशी नए मकान में रहने लगे। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर परिषद के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**